**Series DAA1B/3**

**Set-1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **31/3/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# विज्ञान
# SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **31** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **39** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **39** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |



ZOLLEGE

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **39** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित किया गया है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* *खण्ड **क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *खण्ड **ख** – प्रश्न संख्या **21** से **26** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **30** से **50** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड **ग** – प्रश्न संख्या **27** से **33** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **50** से **80** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(vi)* *खण्ड **घ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **120** शब्दों में दिए जाने चाहिए ।*

*(vii)* *खण्ड **ङ** – प्रश्न संख्या **37** से **39** तक 3 स्रोत-आधारित/प्रकरण-आधारित इकाइयों के मूल्यांकन के **4** अंकों के प्रश्न (उप-प्रश्नों सहित) हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । इस प्रकार के प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*



ZOLLEGE

## General Instructions :

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them :***

(i) *This question paper consists of **39** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *This Question paper is divided into **five** sections – **A, B, C, D** and **E.***

(iii) ***Section A** - Question Nos. **1** to **20** are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** - Question Nos. **21** to **26** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should be in the range of **30** to **50** words.*

(v) ***Section C** - Question Nos. **27** to **33** are Short Answer (SA) type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should be in the range of **50** to **80** words.*

(vi) ***Section D** - Question Nos. **34** to **36** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should be in the range of **80** to **120** words.*

(vii) ***Section E** - Question Nos. **37** to **39** are of 3 source-based/case-based units of assessment carrying **4** marks each with sub-parts.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in some sections. Only one of the alternatives has to be attempted in such questions.*


ZOLLEGE

**खण्ड – क** **($20 \times 1 = 20$)**

**इस खण्ड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न (प्रश्न 1 – 20) हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

1. नीचे दी गयी रासायनिक अभिक्रिया में प्राप्त उत्पाद 'X' पहचानिए : **1**

$$CaCO_3 \xrightarrow{\Delta} \text{'X'} + CO_2$$

(A) बिना बुझा चूना (B) जिप्सम

(C) चूना पत्थर (D) प्लास्टर ऑफ पेरिस

2. निम्नलिखित में से प्राकृतिक सूचकों का जोड़ा चुनिए : **1**

(A) लिटमस और मेथिल ऑरेन्ज (B) हल्दी और लिटमस


(C) फीनॉलफ्थेलिन और मेथिल ऑरेन्ज (D) मेथिल ऑरेन्ज और हल्दी


3. काँच, साबुन और कागज उद्योगों में उपयोग होने वाला रासायनिक यौगिक है **1**


(A) धोने का सोडा (B) बेकिंग सोडा


(C) विरंजक चूर्ण (D) साधारण नमक

4. साइक्लोहेक्सेन का संरचनात्मक सूत्र है **1**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 



ZOLLEGE

## SECTION – A (20 × 1 = 20)

**In this section, Questions No. 1 to 20 are Multiple-Choice Questions. All questions are compulsory.**

1. Identify the product 'X' obtained in the following chemical reaction : **1**

$$CaCO_3 \xrightarrow{\Delta} \text{'X'} + CO_2$$

(A) Quick lime (B) Gypsum

(C) Lime Stone (D) Plaster of Paris

2. Select a pair of natural indicator from the following : **1**

(A) Litmus and methyl orange

(B) Turmeric and Litmus

(C) Phenolphthalein and methyl orange


(D) Methyl orange and Turmeric


3. A chemical compound used in glass, soap and paper industries is **1**


(A) Washing Soda (B) Baking Soda


(C) Bleaching Powder (D) Common Salt

4. The structural formula of Cyclohexane is **1**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 



ZOLLEGE

5. नीचे दिए गए रासायनिक समीकरण पर विचार कीजिए : **1**

$$a\ Al_2O_3 + b\ HCl \longrightarrow c\ AlCl_3 + d\ H_2O$$

इस रासायनिक समीकरण को संतुलित बनाने के लिए a, b, c और d के मान क्रमशः होने चाहिए –

(A) 1, 6, 2 और 3
(B) 1, 6, 3 और 2
(C) 2, 6, 2 और 3
(D) 2, 6, 3 और 2

6. नीचे दिया गया कौन सा एक हाइड्रोकार्बन अन्य से भिन्न है ? **1**

(A) $C_4H_{10}$
(B) $C_7H_{14}$
(C) $C_5H_{12}$
(D) $C_2H_6$

7. नीचे दी गयी कौन सी एक अभिक्रिया अन्य तीन अभिक्रियाओं से भिन्न है ? **1**

(A) $NaCl + AgNO_3 \rightarrow AgCl + NaNO_3$

(B) $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$

(C) $KNO_3 + H_2SO_4 \rightarrow KHSO_4 + HNO_3$

(D) $ZnCl_2 + H_2S \rightarrow ZnS + 2HCl$

8. नीचे दिए गए पादप हॉर्मोनों में से उस एक को चुनिए जो कोशिका विभाजन को बढ़ावा देता है। **1**

(A) जिब्बेरेलिन
(B) ऑक्सिन
(C) एब्सिसिक अम्ल
(D) साइटोकाइनिन



ZOLLEGE

5. Consider the following Chemical equation : **1**

a $Al_2O_3$ + b $HCl \longrightarrow$ c $AlCl_3$ + d $H_2O$

In order to balance this chemical equation, the values of a, b, c and d must be

(A) 1, 6, 2 and 3

(B) 1, 6, 3 and 2

(C) 2, 6, 2 and 3

(D) 2, 6, 3 and 2

6. Which one of the following hydrocarbons is different from the others ? **1**

(A) $C_4H_{10}$

(B) $C_7H_{14}$

(C) $C_5H_{12}$

(D) $C_2H_6$

7. Which one of the following reactions is different from the remaining three ? **1**

(A) $NaCl + AgNO_3 \rightarrow AgCl + NaNO_3$

(B) $CaO + H_2O \rightarrow Ca(OH)_2$

(C) $KNO_3 + H_2SO_4 \rightarrow KHSO_4 + HNO_3$

(D) $ZnCl_2 + H_2S \rightarrow ZnS + 2HCl$

8. Select from the following a plant hormone which promotes cell division. **1**

(A) Gibberellins

(B) Auxins

(C) Abscissic Acid

(D) Cytokinins



ZOLLEGE

9. परागण के लिए कीटों को आकर्षित करने वाला/वाले पुष्प का/के भाग है/हैं – **1**

(A) दल (पंखुड़ी) और बाह्य दल
(B) परागकोश और वर्तिकाग्र
(C) केवल दल (पंखुड़ी)
(D) केवल बाह्य दल

10. दो पृथक लक्षणों – बीजों की आकृति और रंग (वर्ण) की स्वतंत्र वंशानुगति के अध्ययन के लिए किए गए प्रयोग में $F_2$ संतति में विभिन्न संयोजनों का अनुपात होगा – **1**

(A) 1 : 3
(B) 1 : 2 : 1
(C) 9 : 3 : 3 : 1
(D) 9 : 1 : 1 : 3

11. मानव हृदय के बारे नीचे दिए गए कथनों में सही कथन/कथनों को चुनिए : **1**

(a) दायाँ अलिन्द फुफ्फुस से फुफ्फुसीय धमनी द्वारा ऑक्सीजनित रुधिर प्राप्त करता है ।

(b) बायाँ अलिन्द बाएँ निलय को ऑक्सीजनित रुधिर स्थानान्तरित करता है जो उसे शरीर के विभिन्न भागों तक पहुँचा देता है ।

(c) दायाँ अलिन्द महाशिरा द्वारा शरीर के विभिन्न भागों से आने वाले विऑक्सीजनित रुधिर को प्राप्त करता है ।

(d) बायाँ अलिन्द महाधमनी को ऑक्सीजनित रुधिर स्थानान्तरित करता है जो उसे शरीर के विभिन्न भागों को देती है ।

(A) केवल (b)
(B) (a) और (d)
(C) (b) और (c)
(D) (b) और (d)


ZOLLEGE

9. Part(s) of a flower which attracts insects for pollination is (are) **1**

(A) petals and Sepals (B) anther and Stigma

(C) petals only (D) sepals only

10. In an experiment to study independent inheritance of two separate traits : shape and colour of seeds, the ratio of the different combinations in $F_2$ progeny would be **1**

(A) 1 : 3 (B) 1 : 2 : 1

(C) 9 : 3 : 3 : 1 (D) 9 : 1 : 1 : 3

11. Which of the following statement (s) is (are) true about human heart ? **1**

(a) Right atrium receives oxygenated blood from lungs through pulmonary artery.

(b) Left atrium transfers oxygenated blood to left ventricle which sends it to various parts of the body.

(c) Right atrium receives deoxygenated blood from different parts of the body through vena cava.

(d) Left atrium transfers oxygenated blood to aorta which sends it to different parts of the body.

(A) (b) only (B) (a) and (d)

(C) (b) and (c) (D) (b) and (d)



ZOLLEGE

12. दो लम्बे मटर के पौधों के बीच संकरण के फलस्वरूप उत्पन्न संतति के पौधों में कुछ बौने पौधे प्राप्त हुए। जनक पौधों का जीन–संयोजन होना चाहिए – 1

(A) Tt और Tt
(B) Tt और tt
(C) TT और tt
(D) TT और Tt

13. आकाश में इन्द्रधनुष बनने में सम्मिलित होने वाली प्रकाश की परिघटनाएँ हैं 1

(A) अपवर्तन, परिक्षेपण (विक्षेपण) और परावर्तन
(B) अपवर्तन, परिक्षेपण (विक्षेपण) और पूर्ण आन्तरिक परावर्तन
(C) परिक्षेपण (विक्षेपण), प्रकीर्णन और परावर्तन
(D) परिक्षेपण (विक्षेपण), अपवर्तन और आन्तरिक परावर्तन

14. समान पदार्थ के चार तारों के प्रकरण में उस तार का प्रतिरोध निम्नतम होगा जिसका व्यास और लम्बाई क्रमशः हैं 1

(A) D/2 और L/4
(B) D/4 और 4L
(C) 2D और L
(D) 4D और 2L

15. ऊर्जा के पदों में कोई आहार शृंखला तब अधिक लाभकारी होती है, जब उसमें होते हैं 1

(A) दो पोषी स्तर
(B) तीन पोषी स्तर
(C) चार पोषी स्तर
(D) पाँच पोषी स्तर


ZOLLEGE

12. A cross between two tall pea plants resulted in offsprings having a few dwarf plants. The gene-combination of the parental plants must be **1**

(A) Tt and Tt (B) Tt and tt

(C) TT and tt (D) TT and Tt

13. The Phenomena of light involved in the formation of a rainbow in the sky are **1**

(A) Refraction, dispersion and reflection

(B) Refraction, dispersion and total internal reflection

(C) Dispersion, scattering and reflection

(D) Dispersion, refraction and internal reflection

14. In case of four wires of same material, the resistance will be minimum if the diameter and length of the wire respectively are **1**

(A) D/2 and L/4 (B) D/4 and 4L

(C) 2D and L (D) 4D and 2L

15. A food chain will be more advantageous in terms of energy if it has **1**

(A) 2 trophic levels (B) 3 trophic levels

(C) 4 trophic levels (D) 5 trophic levels



ZOLLEGE

16. ओज़ोन के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए : 1

(a) ओज़ोन विषैली गैस है ।

(b) ओज़ोन पृथ्वी के पृष्ठ को सूर्य से आने वाले हानिकर अवरक्त विकिरणों से सुरक्षा प्रदान करती है ।

(c) पराबैंगनी विकिरणों के प्रभाव से ऑक्सीजन ($O_2$) अणुओं से ओज़ोन बनती है ।

(d) पृथ्वी के वायुमंडल के निचले स्तर पर ओज़ोन एक अत्यन्त आवश्यक प्रकार्य सम्पादित करती है ।

इनमें सही कथन हैं –

(A) (a) और (b)
(B) (a) और (c)
(C) (b) और (c)
(D) (b) और (d)

प्रश्न संख्या **17** से **20** इन प्रश्नों में **दो** कथन – अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । इन प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए अनुसार उचित विकल्प को चुनकर दीजिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) द्वारा (A) की सही व्याख्या हो रही है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) द्वारा (A) की सही व्याख्या नहीं हो रही है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

17. **अभिकथन (A)** : कुछ समय तक कॉपर सल्फेट विलयन में डुबाएँ रखने पर जिंक धातु का टुकड़ा रक्ताभ भूरा हो जाता है । 1

**कारण (R)** : कॉपर जिंक से अधिक सक्रिय धातु है ।



ZOLLEGE

16. Consider the following statements about ozone : **1**

(a) Ozone is poisonous gas.

(b) Ozone shields the earth's surface from the infrared radiation from the sun.

(c) Ozone is a product of UV radiations acting on oxygen molecule.

(d) At the lower level of the earth's atmosphere, ozone performs most essential function.

The correct statements are

(A) (a) and (b) (B) (a) and (c)

(C) (b) and (c) (D) (b) and (d)

**Q. Nos. 17** to **20** consists of two statements – Assertion (A) and Reason (R), answer these questions selecting the appropriate option given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

17. **Assertion (A) :** A piece of Zinc metal gets reddish brown coating when kept in copper sulphate solution for some time. **1**

**Reason (R) :** Copper is more reactive metal than Zinc.


ZOLLEGE

18. **अभिकथन (A)** : अलैंगिक जनन द्वारा उत्पन्न संतति आनुवंशिकतः जनकों के समान होती है। **1**

**कारण (R)** : अलैंगिक जनन में एक जनक भाग लेता है।

19. **अभिकथन (A)** : सड़क पर वाहनों को रोकने के लिए लाल प्रकाश के सिग्नलों का उपयोग किया जाता है। **1**

**कारण (R)** : सबसे अधिक प्रकीर्णित होने के कारण लाल प्रकाश को अधिक दूरी से देखा जा सकता है।

20. **अभिकथन (A)** : हमारे द्वारा प्रतिदिन उत्पन्न किया जाने वाला अपशिष्ट जैव-अपघटनीय अथवा अजैव-अपघटनीय हो सकता है। **1**

**कारण (R)** : यदि अपशिष्टों का उचित निपटारा न किया जाए तो यह गंभीर पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है।

## खण्ड – ख

**प्रश्न संख्या 21 से 26 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।**

21. जब मैग्नीशियम के रिबन को वायु में जलाया जाता है, तो श्वेत रंग की राख उत्पन्न होती है। होने वाली रासायनिक अभिक्रिया का समीकरण लिखिए और उत्पन्न राख के रासायनिक नाम का उल्लेख कीजिए। होने वाली रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार का नाम लिखिए और अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। **2**

22. ऑक्सिन का संश्लेषण कहाँ होता है ? ये प्रकाशानुवर्तन को किस प्रकार बढ़ावा देते हैं ? **2**


ZOLLEGE

18. **Assertion (A) :** Offsprings produced by asexual reproduction are genetically similar to the parents. **1**

**Reason (R) :** Asexual reproduction involves a single parent.

19. **Assertion (A) :** Red light signals are used to stop the vehicles on the road. **1**

**Reason (R) :** Red coloured light is scattered the most so as to be visible from a large distance.

20. **Assertion (A) :** The waste we generate daily may be biodegradable or non-biodegradable. **1**

**Reason (R) :** The waste generated, if not disposed off properly may cause serious environmental problems.

## SECTION – B

**Question Nos. 21 to 26 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks.**

21. When magnesium ribbon is burnt in air, an ash of white colour is produced. Write chemical equation for the reaction giving the chemical name of the ash produced. State the type of chemical reaction giving justification for your answer. **2**

22. Where are auxins synthesized ? How do they promote phototropism ? **2**


ZOLLEGE

23. (a) मटर के पौधों के किन्हीं दो दृष्टिगोचर होने वाले विपर्यासी लक्षणों के युगलों (जोड़ों) की सूची बनाइए जिनका उपयोग मेंडल ने अपने प्रयोगों में किया था। प्रत्येक जोड़े के प्रभावी और अप्रभावी लक्षणों का उल्लेख भी कीजिए। **2**

**अथवा**

23. (b) मानवों में शिशु नर होगा अथवा मादा होगा इसकी प्रायिकता (संभावना) 50% होती है। केवल प्रवाह आरेख खींचकर इस कथन की व्याख्या कीजिए। **2**

24. यह हम कब कहते हैं कि कोई व्यक्ति दीर्घ-दृष्टि दोष (दूर-दृष्टिता) से पीड़ित है ? इस दोष के दो कारणों की सूची बनाइए। इस दोष के संशोधन के लिए उपयोग किए जाने लेंस के प्रकार का नाम लिखिए। **2**

25. (a) किसी सीधे धारावाही चालक के कारण उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के पैटर्न को दर्शाने के लिए नामांकित आरेख खींचिए। इस आरेख में चालक में प्रवाहित धारा की दिशा और चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा अंकित कीजिए। **2**

**अथवा**

25. (b) उस युक्ति का नाम लिखिए जिसका उपयोग किसी चुम्बकीय पदार्थ के टुकड़े को चुम्बकित करने में किया जाता है। उस व्यवस्था को दर्शाने के लिए नामांकित आरेख खींचिए जिसका उपयोग नर्म लोहे के सिलिण्डर को चुम्बकित करने में किया जाता है। **2**

26. अपघटक (अपमार्जक) किसे कहते हैं ? किसी पारितंत्र में इनकी अनुपस्थिति के दो परिणामों की सूची बनाइए। **2**


ZOLLEGE

23. (a) List any two pairs of visible contrasting characters of garden pea plants used by Mendel for his experiments stating the dominant and recessive characters in each pair. **2**

**OR**

23. (b) In human beings, the probability of getting a male or a female child is 50%. Explain with the help of a flow diagram only. **2**

24. When do we say that a particular person is suffering from hypermetropia ? List two causes of this defect. Name the type of lens used to correct this defect. **2**

25. (a) Draw a labelled diagram to show the pattern of magnetic field lines produced due to a current carrying straight conductor. Mark on it the direction of current in the conductor and the direction of magnetic field lines. **2**

**OR**

25. (b) Name the device used to magnetise a piece of magnetic material. Draw a labelled diagram to show the arrangement used for the magnetisation of a cylinder made of soft iron. **2**

26. What are decomposers ? List two consequences of their absence in an ecosystem. **2**


ZOLLEGE

## खण्ड – ग

**प्रश्न संख्या 27 से 33 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है।**

27. निम्नलिखित के लिए कारण दीजिए : **3**

(a) जिंक ऑक्साइड एक उभयधर्मी ऑक्साइड है।

(b) सोडियम धातु का भण्डारण केरोसिन से भरी बोतल में किया जाता है।

(c) सामान्यतः धातुओं की नाइट्रिक अम्ल से अभिक्रिया में हाइड्रोजन गैस का उत्सर्जन नहीं होता है।

28. (a) नीचे दी गयी धातुओं को उनके यौगिकों से प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाने वाली अपचयन प्रक्रिया का कारण सहित उल्लेख कीजिए : **3**

(i) मरकरी,

(ii) कॉपर तथा

(iii) सोडियम

**अथवा**

28. (b) नीचे दी गयी प्रत्येक धातु को कुछ समय तक वायुमंडलीय वायु में खुला रखने पर उसकी दिखावट में होने वाले परिवर्तनों का, कारण देते हुए, उल्लेख कीजिए : **3**

(i) सिल्वर,

(ii) कॉपर तथा

(iii) आयरन

29. हम मृदा को जल देते हैं, परन्तु यह जल पौधे की सबसे ऊँची पत्ती तक पहुँच जाता है। इसमें होने वाली प्रक्रिया की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **3**



ZOLLEGE

## SECTION – C

**Question Nos. 27 to 33 are short answer type questions. Each question carries 3 marks.**

27. State reasons for the following : **3**

(a) Zinc oxide is an amphoteric oxide.

(b) Sodium metal is stored in bottle filled with kerosene oil.

(c) In the reactions of nitric acid with metals, generally hydrogen gas is not evolved.

28. (a) State giving reason the reduction process to obtain the following metals from their compounds : **3**

(i) Mercury,

(ii) Copper and

(iii) Sodium

**OR**

28. (b) State giving reason for the change in appearance observed when each of the following metal is exposed to atmospheric air for some time : **3**

(i) Silver,

(ii) Copper and

(iii) Iron

29. We water the soil but it reaches the topmost leaves of the plants. Explain in brief the process involved. **3**


ZOLLEGE

30. (a) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (CNS) के दो संघटकों की सूची बनाइए । इन संघटकों की चोटों से सुरक्षा किस प्रकार होती है ?


(b) विद्युत आवेगों के उपयोग की दो सीमाओं का उल्लेख कीजिए । **3**

31. प्रकाश की उस परिघटना का नाम लिखिए तथा उसकी व्याख्या कीजिए जिसके कारण किसी सूक्ष्म छिद्र से धुएँ से भरे किसी कमरे में आने वाले प्रकाश पुन्ज का मार्ग दिखाई देने लगता है । यह भी उल्लेख कीजिए कि हमारे नेत्रों तक आने वाले प्रकाश का रंग जिस माध्यम से होकर प्रकाश पुन्ज गुजरता है, उस माध्यम के कणों के साइज़ पर किस प्रकार निर्भर करता है । **3**

32. घरेलू परिपथों में विद्युत फ्यूज़ के कार्य की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । 3 kW; 220 V अनुमतांक के किसी विद्युत हीटर को 5 A धारा अनुमतांक के विद्युत परिपथ में प्रचालित किया जाना है । विद्युत हीटर के स्विच को **'ऑन'** करने पर क्या हो सकता है ? आवश्यक परिकलनों की सहायता से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **3**

33. (a) ओम का नियम लिखिए । तीन प्रतिरोधकों, जिनके प्रतिरोध $R_1$, $R_2$ और $R_3$ हैं, के पार्श्व संयोजन के तुल्य प्रतिरोध $R_p$ के लिए सूत्र लिखिए ।

(b) प्रतिरोधकों के नीचे दिए गए नेटवर्क का कुल प्रतिरोध ज्ञात कीजिए : **3**





ZOLLEGE

30. (a) List two constituents of Central Nervous System (CNS). How are these components protected from injuries ?


(b) Write two limitations of the use of electrical impulses. **3**

31. Name and explain the phenomenon of light due to which the path of a beam of light becomes visible when it enters a smoke filled room through a small hole. Also state the dependence of colour of the light we receive on the size of the particle of the medium through which the beam of light passes. **3**

32. Explain in brief the function of an electric fuse in a domestic circuit. An electric heater of current rating 3 kW; 220 V is to be operated in an electric circuit of rating 5 A. What is likely to happen when the heater is switched **'ON'** ? Justify your answer with necessary calculation. **3**

33. (a) State Ohm's law. Write formula for the equivalent resistance $R_p$ of the parallel combination of three resistors of values $R_1$, $R_2$ and $R_3$.

(b) Find the resistance of the following network of resistors : **3**






ZOLLEGE

## खण्ड – घ

**प्रश्न संख्या 34 से 36 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है ।**

34. (a) (i) pH पेपर के साथ परीक्षण करने पर पाँच विलयनों A, B, C, D और E के pH क्रमशः 4, 1, 13, 7 और 10 दर्शाए गए । इनमें से कौन सा विलयन –

(1) प्रबल अम्लीय, (2) प्रबल क्षारकीय, (3) दुर्बल अम्लीय, (4) उदासीन तथा (5) दुर्बल क्षारकीय है ? इन विलयनों को इनकी बढ़ती $H^+$ आयन सांद्रता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।

(ii) (1) एक अम्लीय लवण और (2) एक क्षारकीय लवण का नाम लिखिए और प्रत्येक प्रकरण में इन लवणों के जनक अम्ल और जनक क्षारक का नाम भी दीजिए । **5**

**अथवा**

34. (b) सोडियम क्लोराइड से सोडियम हाइड्रॉक्साइड बनाने की प्रक्रिया का नाम लिखिए और उसका संक्षेप में उल्लेख कीजिए । इस प्रक्रिया में मुख्य उत्पाद के साथ दो गैसें 'X' और 'Y' भी दो इलेक्ट्रोडों पर निकलती हैं । 'X' और 'Y' के नाम तथा जिन इलेक्ट्रोडों पर ये प्राप्त होती हैं उनके नाम भी क्रमशः लिखिए । इन दोनों गैसों में एक गैस जब शुष्क कैल्सियम हाइड्रॉक्साइड से अभिक्रिया करती है, तो कोई यौगिक 'Z' बनता है जिसका उपयोग पीने के पानी को जीवाणु से मुक्त कराने वाले संयंत्रों में तथा वस्त्र उद्योग में होता है । Z का नाम तथा इसके बनने में होने वाली रासायनिक अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । **5**

35. (a) (i) बीजाणु किसे कहते हैं ? यह किन संरचनाओं पर बनते हैं ? ये प्रतिकूल परिस्थितियों से अपनी सुरक्षा किस प्रकार करते हैं ? उस जीव का नाम लिखिए जो इन संरचनाओं की सहायता से वृद्धि करते हैं ।

(ii) कुछ पादपों को कायिक प्रवर्धन की विधि द्वारा क्यों उगाया जाता है, इसके दो कारण दीजिए । कायिक प्रवर्धन द्वारा नए पादप उगाने की दो विधियों की सूची बनाइए । **5**

**अथवा**


ZOLLEGE

## SECTION – D

**Question Nos. 34 to 36 are long answer type questions. Each question carries 5 marks.**

34. (a) (i) Five solutions A, B, C, D and E when tested with pH paper showed pH as 4, 1, 13, 7 and 10 respectively. Which solution is :

(1) Strongly acidic (2) Strongly alkaline (3) Weakly acidic (4) Neutral and (5) Weakly alkaline ? Arrange the solutions in increasing order of $H^+$ ion concentration.

(ii) Write the name and formula of (1) an acidic salt and (2) a basic salt giving the name of the parent acid and parent base used to form the salt in each case. **5**

**OR**

34. (b) Name and state in brief the process which is used to prepare sodium hydroxide from sodium chloride. In this process along with the main product two gases 'X' and 'Y' are also given off at the two electrodes. Name 'X' and 'Y' specifying the name of their respective electrode at which each gas is obtained. One of these gases when reacts with dry calcium hydroxide produces a compound 'Z' which is widely used in water treatment plants and textile industries. Name Z and write chemical equation for the reaction involved in its formation. **5**


35. (a) (i) What are spores ? On which structures are they formed ? How do they overcome unfavourable conditions ? Name the organism which multiplies with the help of these structures.

(ii) Give two reasons why some plants are grown by the method of vegetative propagation. List two methods used to grow plants vegetatively. **5**

**OR**


ZOLLEGE

35. (b) (i) नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन करके A, B और C द्वारा अंकित भागों के नाम लिखिए । क्या होता है जब B अण्डाशय में स्थित C पर पहुँचता है ? इसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए ।




(ii) किसी पुष्प में निषेचन के पश्चात् होने वाले परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए । **5**

36. (a) (i) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रकरण में अपवर्तित किरण का पथ दर्शाने के लिए किरण आरेख खींचिए :

किसी अवतल लेंस पर आपतित उस प्रकाश किरण का

(1) जो मुख्य अक्ष के समान्तर गतिमान है, तथा

(2) जो मुख्य फोकस की ओर दिशिक (जाती दिखाई देती) है ।

(ii) 4 cm ऊँचा कोई बिम्ब 24 cm फोकस दूरी के किसी उत्तल लेंस के मुख्य अक्ष पर लम्बवत स्थित है । लेंस से बिम्ब की दूरी 16 cm है । प्रतिबिम्ब की स्थिति और साइज़ ज्ञात कीजिए । **5**

**अथवा**

36. (b) (i) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रकरण में परावर्तित किरण का पथ दर्शाने के लिए किरण आरेख खींचिए :

किसी उत्तल दर्पण पर आपतित उस प्रकाश किरण का


(1) जो मुख्य अक्ष के समान्तर गतिमान है, तथा

(2) जो मुख्य फोकस की ओर दिशिक (जाती दिखाई देती) है ।



ZOLLEGE

35. (b) (i) Study the diagram given below and name the parts marked as A, B and C. What happens when B reaches C in the ovary ? Mention its significance.




(ii) Write the post fertilisation changes that occur in a flower. **5**

36. (a) (i) Draw a ray diagram to show the path of the refracted ray in each of the following cases :

A ray of light incident on a concave lens

(1) parallel to its principal axis, and

(2) is directed towards its principal focus.

(ii) A 4 cm tall object is placed perpendicular to the principal axis of convex lens of focal length 24 cm. The distance of object from the lens is 16 cm. Find the position and size of image formed. **5**

**OR**

36. (b) (i) Draw a ray diagram to show the path of the reflected ray in each of the following cases :

A ray of light incident on a convex mirror

(1) parallel to its principal axis, and

(2) is directed towards its principal focus


ZOLLEGE

(ii) 1.5 cm ऊँची मोमबत्ती की ज्वाला 12 cm फोकस दूरी के किसी अवतल दर्पण के मुख्य अक्ष पर लम्बवत रखी है । यदि ज्वाला की दर्पण के ध्रुव से दूरी 18 cm है, तो दर्पण सूत्र का उपयोग करके प्रतिबिम्ब की स्थिति और उसका साइज़ निर्धारित कीजिए । **5**


## खण्ड – ङ

**प्रश्न संख्या 37 से 39 स्रोत आधारित/प्रकरण आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।**


37. रसायन के क्षेत्र में तीस लाख से भी अधिक कार्बन के यौगिकों की खोज हो चुकी है । इन यौगिकों की विभिन्नता का कारण कार्बन परमाणुओं की परस्पर आबन्ध बनाने और अन्य तत्त्वों के साथ आबन्ध बनाने की क्षमता होना है । कार्बन के अधिकांश यौगिक विद्युत के कुचालक होते हैं तथा इनके गलनांक और क्वथनांक निम्न होते हैं । **4**

(a) उस समजातीय श्रेणी के पहले दो सदस्यों का आण्विक सूत्र लिखिए जिनका प्रकार्यात्मक समूह –Br है । **1**

(b) नीचे कुछ प्रकार्यात्मक समूहों के सूत्र दिए गए हैं : **1**




(i)




(ii)

इन प्रकार्यात्मक समूहों का नाम लिखिए ।

(c) आप क्या प्रेक्षण करते हैं जब आप किसी परखनली में कुछ गरम एथेनॉल लेकर उसमें बूँद-बूँद करके 5% क्षारीय पोटैशियम परमैंगनेट मिलाते हैं ? इसमें पोटैशियम परमैंगनेट की भूमिका का उल्लेख कीजिए तथा होने वाली अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । **2**

**अथवा**

(c) एथेनॉल को आधिक्य सांद्र सल्फ्युरिक अम्ल के साथ 443 K ताप पर गरम करने पर बनने वाले यौगिक का नाम लिखिए । इस अभिक्रिया में सांद्र सल्फ्युरिक अम्ल की भूमिका का उल्लेख कीजिए तथा होने वाली अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । **2**



ZOLLEGE

(ii) A 1.5 cm tall candle flame is placed perpendicular to the principal axis of a concave mirror of focal length 12 cm. If the distance of the flame from the pole of the mirror is 18 cm, use mirror formula to determine the position and size of the image formed. **5**


## SECTION – E


**Question Nos. 37 to 39 are Case/Source based questions. Each question carries 4 marks.**

37. More than three million carbon compounds have been discovered in the field of chemistry. The diversity of these compounds is due to the capacity of carbon atoms for bonding with one another as well as with other atoms. Most of the carbon compounds are poor conductors of electricity and have low melting and boiling points. **4**

(a) Write the molecular formula of first two members of homologous series having functional group –Br. **1**

(b) Given below are the formulae of some functional groups : **1**


(i)


(ii)

Write the name of these functional groups.

(c) What would be observed on adding a 5% alkaline potassium permanganate drop by drop to some warm ethanol taken in a test tube ? State the role of $KMnO_4$ in the reaction and write the chemical equation for the reaction involved. **2**

**OR**

(c) Write the name of the compound formed when ethanol is heated at 443 K temperature with excess of conc. $H_2SO_4$. What is the role of conc. $H_2SO_4$ in the reaction ? Write the chemical equation for the reaction involved. **2**

38. मानव पाचन तंत्र एक नलिका होती है जो मुँह से गुहा तक जाती है । इसका मुख्य कार्य भोजन में उपस्थित जटिल अणुओं, जो उसी रूप में अवशोषित नहीं हो सकते हैं, को छोटे अणुओं में खंडित करना होता है । ये छोटे अणु इस नलिका की भित्तियों में अवशोषित होते हैं तथा अवशोषित भोजन शरीर की प्रत्येक कोशिका तक पहुँचता है जहाँ इसका उपयोग ऊर्जा प्राप्त करने के लिए किया जाता है । **4**

(a) मुख गुहा में उपस्थित ग्रंथियों का नाम लिखिए तथा भोजन के उस घटक का उल्लेख कीजिए जिस पर इन ग्रंथियों के स्राव क्रिया करते हैं । **1**

(b) दो अंगों में निकास पर अवरोधिनी पेशी होती हैं । इनका नाम लिखिए । **1**

(c) क्या होगा यदि


(i) जठर ग्रंथियों द्वारा श्लेष्मा का स्रावण नहीं किया जाए ?

(ii) क्षुद्रांत्र में दीर्घ रोम उपस्थित न हों ? **2**

**अथवा**

(c) "पित्त रस में कोई एन्जाइम नहीं होते, फिर भी यह पाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । **2**

39. किसी घरेलू परिपथ में पाँच LED बल्ब आरेख में दर्शाए अनुसार व्यवस्थित हैं । स्रोत की वाटता 220V है तथा प्रत्येक बल्ब का शक्ति-अनुमतांक परिपथ आरेख में बल्ब के साथ अंकित किया गया है । नीचे दिए गए परिपथ आरेख के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**




(a) उल्लेख कीजिए क्या होता है जब **1**

(i) कुंजी $K_1$ को बन्द करते हैं ।

(ii) कुंजी $K_2$ को बन्द करते हैं ।



ZOLLEGE

38. Human digestive system is a tube running from mouth to anus. Its main function is to breakdown complex molecules present in the food which cannot be absorbed as such into smaller molecules. These molecules are absorbed across the walls of the tube and the absorbed food reaches each and every cell of the body where it is utilised for obtaining energy. **4**

(a) Name the glands present in the buccal cavity and write the components of food on which the secretion of these glands act upon. **1**

(b) Two organs have a sphincter muscle at their exit. Name them. **1**

(c) What will happen if :


(i) mucus is not secreted by the gastric glands.

(ii) Villi are absent in the small intestine. **2**

**OR**

(c) "Bile juice does not contain any enzyme, yet it has important roles in digestion." Justify the statement. **2**

39. In a domestic circuit five LED bulbs are arranged as shown. The source voltage is 220 V and the power rating of each bulb is marked in the circuit diagram. Based on the following circuit diagram, answer the following questions : **4**




(a) State what happens when **1**

(i) key $K_1$ is closed.

(ii) key $K_2$ is closed.



ZOLLEGE

(b) जब बल्ब B चमक रहा होता है तब वह कितनी धारा लेता है ? **1**

(c) परिकलित कीजिए : **2**

(i) बल्ब B का प्रतिरोध, तथा

(ii) चारों बल्ब B, C, D और E के संयोजन का कुल प्रतिरोध

**अथवा**

(c) परिपथ के सभी बल्बों की चमक का क्या होगा जबकि कुंजी $K_1$ तथा $K_2$ दोनों बन्द हैं तथा अचानक बल्ब C फ्यूज़ हो जाता है ? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए कारण दीजिए । **2**



ZOLLEGE

(b) Find the current drawn by the bulb B when it glows. **1**

(c) Calculate **2**

(i) the resistance of bulb B, and

(ii) total resistance of the combination of four bulbs B, C, D and E.

**OR**

(c) What would happen to the glow of all the bulbs in the circuit when keys $K_1$ and $K_2$ both are closed and the bulb C suddenly get fused ? Give reason to justify your answer. **2**



ZOLLEGE